संक्षिप्त खबर

इग्नू ने पर्यावरण अध्ययन में पीजी डिप्लोमा शुरू किया

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2023 सत्र से पर्यावरण अध्ययन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडी) शुरू किया है। इग्नू ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नए कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की पर्यावरणीय चिंताओं पर जागरूकता पैदा करना है। इसमें कहा गया है कि प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र का वर्तमान क्षरण पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी, जैव विविधता हानि आदि के रूप में देखा जाता है। मानवजनित गतिविधियों से प्रेरित पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, जैविक विविधता का संरक्षण, जैविक संसाधनों का प्रबंधन, वन और वन्यजीव संरक्षण और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में एक जानकार कार्यबल विकसित करने की आवश्यकता है।

'ई. एम. सी.' समन्वयकों की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

एन्त्रप्रेन्योरशिप मांइड सेट कारिकुलम

नई दिल्ली। दिल्ली शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण मांइडसेट पाठ्यक्रमों में से एक 'ई .एम. सी.' पाठ्यक्रम नये प्रारूप और उसमें जोड़ी गई नवीन जानकारियों आदि को साझा करने के लिए तथा इसको विद्यालय में किस रुप में ले जाना है, की जानकारी 'ई एम सी ' विद्यालय समन्वयकों का एस सी ई आर टी द्वारा बीस से ज्यादा स्थानों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में दिल्ली शिक्षा विभाग के एक हजार से ज्यादा स्कूलों के ई एम सी समन्वयकों ने इस कार्यक्रम की कार्य-प्रणाली को करीब से सीखा. इसमें इस पाठ्यक्रम से जुड़ी दैनिक, साप्ताहिक, मासिक गतिविधियां किस प्रकार कक्षा में करवाई जायेंगी और इसमें किस की, क्या

भूमिका रहेगी इस पर विस्तार से जानकारी दी गई. प्रतिभागियों के सवालों/ जिज्ञासाओं को शांत करने की भूमिका में विभाग से चयनित अनुभवी फेसिलेटर्स चंदन जा, आसिफ इकबाल, परमिंदर कौर, जसपाल कौर, मोतीचंद प्रजापति, दीपक मित्तल, रुपेन्द्र गर्ग, कुसुम जोशिया आदि रहे। इस कार्यक्रम की प्रमुख डॉ सपना यादव ने अपने सहयोगी डा राकेश कुमार गुप्ता के साथ विभिन्न सेंटर पर जाकर व्यवस्थाओं को देखा, साथ ही प्रतिभागियों के साथ संवाद स्थापित किया. टीचर्स मैन्युअल, छात्रों के सीड मनी आदि से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए डॉ सपना यादव ने कहा कि विद्यालय में इस पाठ्यक्रम से जुड़ी किसी भी सामग्री की कमी नहीं होने दी जाएगी, किसी साथी को कोई भी असुविधा होती है तो वो मुझसे या मेरे कार्यालय से निःसंकोच संपर्क स्थापित कर सकते हैं. यथा शीघ्र उस समस्या का निराकरण कर पाने का आश्वासन डा सपना द्वारा दिया गया।